# पकिस्तान के साजिश का पर्दाफाश

## स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह की फोटो को संपादित कर दुष्प्रचार की पाकिस्तान कर रहा था कोशिश

**नयी दिल्ली 11 अक्टूबर. भारत ने प्रतिष्ठित क्वालिफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर (क्यूएफआई) बैज हासिल करने वाली भारतीय वायु सेना की पहली फाइटर पायलट स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह की बैज हासिल करने के समय की फोटो को संपादित कर दुष्प्रचार करने की पाकिस्तान की कोशिशों का शनिवार को पर्दाफाश कर दिया. इसके साथ ही भारत ने पाकिस्तान के इस दावे की भी पोल खोल दी है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उसने इस महिला फाइटर पायलट के विमान को गिराकर उन्हें पकड़ लिया था.**



दरअसल वायु सेना ने तांबरम स्थित फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर्स स्कूल में छह महीने का गहन प्रशिक्षण पूरा करने के बाद 59 अन्य अधिकारियों के साथ यह प्रतिष्ठित बैज हासिल करने के समय की स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह की तस्वीर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा की थी.

इस तस्वीर के सार्वजनिक होने के कुछ घंटे बाद पाकिस्तान स्थित एक सोशल मीडिया हैंडल क्रासी 2002 ने स्क्वाड्रन लीडर सिंह की तस्वीर को संपादित कर उनकी जगह एक पुरूष अधिकारी की फोटो लगा दी. भारत सरकार के प्रेस सूचना कार्यालय के फैक्ट चेक हैंडल पीआईबी फैक्ट चेक ने तुरंत पाकिस्तानी हैंडल के दुष्प्रचार का पर्दाफाश कर कहा कि इसमें स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह की फोटो को संपादित किया गया है और पाकिस्तान का दावा गलत है.

पीआईबी ने अपने फैक्ट चेक पोस्ट के साथ वायु सेना की वह पोस्ट भी साझा की जिसमें सम्मान समारोह के दौरान वायुसेना के प्रशिक्षण कमान के वरिष्ठ एयर स्टाफ ऑफिसर एयर मार्शल तेजबीर सिंह स्क्वाड्रन लीडर शिवानी सिंह को यह प्रतिष्ठित बैज प्रदान कर रहे थे.

> पीआईबी ने लोगों को सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के दुष्प्रचार करने वाले हैंडलों से सावधान रहने को भी कहा है. ऑपरेशन सिंदू के दौरान भी पाकिस्तान स्थित सोशल मीडिया हैंडल ने स्क्वाड्रन लीडर शिवानी सिंह के विमान को मार गिराने तथा उन्हें पकड़ने का भी दावा किया था. पीआईबी ने इन दोनों दावों का पर्दाफाश कर दिया है . स्क्वाड्रन लीडर शिवानी सिंह 2020 में राफेल लड़ाकू विमान उडाने के लिए चुने जाने के बाद सुर्खियों में आई थी. इससे पहले वह मिग-21 बाइसन विमान उड़ा रही थीं. उत्तर प्रदेश के वाराणसी की रहने वाली फाइटर पायलट को 2017 में भारतीय वायुसेना में महिला लड़ाकू पायलटों के दूसरे बैच के में कमीशन मिला था.

## मैक्रों ने सेबेस्टियन लेकोर्नु को फिर किया प्रधानमंत्री नियुक्त

**पेरिस.** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सेबेस्टियन लेकोर्नू को फिर प्रधानमंत्री नियुक्त किया है. चार दिन पहले ही लेकोर्नू ने पद से इस्तीफा दिया था. इससे देश में एक सप्ताह तक भारी राजनीतिक उथल-पुथल रही. एक रिपोर्ट के अनुसार, मैक्रों ने शनिवार देर रात यह घोषणा की. उन्होंने एलिसी पैलेस में सभी मुख्य दलों के साथ बैठक की, जिसमें धुर दक्षिणपंथी एवं धुर वामपंथी नेताओं को छोड़कर अन्य सभी शामिल थे. लेकोर्नु की वापसी आश्चर्यजनक है, क्योंकि उन्होंने दो दिन पहले ही राष्ट्रीय टीवी पर कहा था कि वह पद के पीछे नहीं भाग रहे थे और उनका मिशन पूरा हो चुका है. यह निश्चित नहीं है कि वह सरकार बना पायेंगे या नहीं, लेकिन उन्हें ज़मीनी स्तर पर काम करना होगा. नये प्रधानमंत्री के पास अगले साल का बजट संसद में पेश करने के लिए सोमवार तक का ही समय है. एलिसी पैलेस ने कहा कि राष्ट्रपति ने लेकोर्नु को सरकार बनाने की जिम्मेदारी सौंपी है.

# उत्तराखंड के 3 सांसदों, 30 विधायकों ने धामी को लिखा पत्र

**नयी दिल्ली/देहरादून, 11 अक्टूबर. उत्तराखंड के तीन सांसदों, 30 विधायकों तथा कई पूर्व विधायकों ने मुख्यमंत्री पुष्करसिंह धामी को पत्र लिखकर प्रदेश के राजकीय इंटर कालेजों में शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा पठन पाठन को व्यवस्थित बनाने के लिए प्रधानाचार्यों के रिक्त पदों पर भर्ती की विभागीय परीक्षा आयोजित करने का आग्रह किया है.**



लोकसभा सदस्य त्रिवेंद्र सिंह रावत, राज्यसभा सदस्य महेंद्र भट्ट तथा कल्पना सैनी के साथ ही वरिष्ठ विधायक किशोर उपाध्याय, किशन सिंह चुफाल, प्रदीप बत्रा, काजी निजामुद्दीन, मयूख सिंह महर, ममता राकेश, उमेश कुमार, खजानदास सहित 30 विधायकों ने कहा है कि प्रधानाचार्यों के बड़ी संख्या में रिक्त पद होने से शिक्षण व्यवस्था चरमरा रही है. मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में जन प्रतिनिधियों ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षण कार्यों को सुव्यवस्थित तथा अनुशासित बनाए रखने के लिए प्रधानाचार्यों के रिक्त पदों पर परीक्षा का आयोजन जल्द से जल्द किया जाना आवश्यक है.

> विधायक सविता कपूर ने कहा कि यदि लोकसेवा आयोग के माध्यम से पदों पर भर्ती होती है तो इससे दीर्घकाल तक सेवा दे चुके शिक्षकों को योग्यतानुसार आगे बढने के अवसर मिलेंगे और शिक्षा व्यवस्था मजबूत होगी. इधर शिक्षकों के संगठन राजकीय शिक्षक संघ का कहना है कि इस बारे में सरकार से बार बार अनुरोध किया गया है लेकिन उनकी मांग पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है.



## अमित शाह आज प्रदर्शनी का करेंगे उद्घाटन

**जयपुर.** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 13 अक्टूबर को जयपुर में नवीन आपराधिक विधियों के क्रियान्वयन पर आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे. तीन नवीन आपराधिक संहिताओं के एक जुलाई 2024 से लागू होने का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दंड के स्थान पर न्याय की अवधारणा को प्रदर्शित करते हुए यहां सीतापुरा में जयपुर एग्जिबिशन एवं कन्वेंशन सेंटर में 13 से 18 अक्टूबर तक आयोजित प्रदर्शनी के उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे. भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के महत्व और उपयोगिता से अवगत कराना है.


# सच्चाई को जेल में बंद नहीं किया जा सकता

## गुजरात में कपास किसानों की मांग उठाना पड़ा भारी

**नई दिल्ली/अहमदाबाद, 11 अक्टूबर. गुजरात में आम आदमी पार्टी के किसान नेता की आधी रात को गिरफ्तारी पर आम आदमी पार्टी ने तीखा विरोध जताया है. पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने भाजपा सरकार पर किसानों की आवाज दबाने का आरोप लगाया है.**

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुजरात पुलिस द्वारा पार्टी के किसान नेता की गिरफ्तारी पर तीखा हमला बोला है. एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर जारी एक बयान में केजरीवाल ने कहा, भाजपा के राज में अगर कोई किसानों की आवाज़ उठाए, तो उसे जेल भेज दिया जाता है.

आप का आरोप है कि उनके किसान नेता को गुजरात में बीती रात करीब 3 बजे घर से उठाकर ले जाया गया. उनके अनुसार, नेता का अपराध सिर्फ इतना था कि वह कपास किसानों के लिए सही दाम की मांग कर रहे थे और किसानों के पक्ष में आवाज़ उठा रहे थे.



> केजरीवाल ने कहा, गुजरात में जो भी किसानों के साथ खड़ा होता है, भाजपा उसकी आवाज़ कुचल देती है. लेकिन याद रखिए, सच्चाई को जेल में बंद नहीं किया जा सकता. किसानों की लड़ाई अब रुकने वाली नहीं है. आप नेताओं का कहना है कि कपास की फसल के लिए सरकार द्वारा घोषित दाम किसानों की मेहनत के अनुरूप नहीं हैं, और जब उनके नेता ने इसका विरोध किया, तो उन्हें बिना किसी वारंट के गिरफ्तार कर लिया गया. पार्टी कार्यकर्ताओं और विपक्षी दलों ने इस गिरफ्तारी को लोकतंत्र की आवाज़ कुचलने की कार्रवाई बताया है.

# व्हाइट हाउस ने ट्रंप को शांति पुरस्कार न देने पर नोबेल समिति की आलोचना की

**वाशिंगटन, 11 अक्टूबर. व्हाइट हाउस ने नोबेल समिति पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बजाय वेनेज़ुएला के एक लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता को अपना सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार देने के लिए शांति पर राजनीति को तरजीह देने का आरोप लगाया है.**

एक की रिपोर्ट के अनुसार, शक्रवार को समिति ने घोषणा की कि मारिया कोरिना मचाडो को वेनेजुएला के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने के उनके अथक कार्य के लिए शांति पुरस्कार दिया जाएगा. ट्रंप इस पुरस्कार की अपनी इच्छा के बारे में मुखर रहे हैं और कई वैश्विक संघर्षों को समाप्त करने का श्रेय लेते रहे हैं. उन्होंने सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान भी, नियमित रूप से इस मुद्दे को उठाया. व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मचाडो को बधाई देने के लिए फोन किया और कहा कि वह इस पुरस्कार की हकदार हैं. शुक्रवार सुबह घोषणा के बाद व्हाइट हाउस के संचार निदेशक स्टीवन चेउंग ने कहा, नोबेल समिति ने साबित कर दिया है कि वे शांति पर राजनीति को तरजीह देते हैं. चेउंग ने 'एक्स' पर लिखा,राष्ट्रपति ट्रम्प शांति समझौते करते रहेंगे, युद्ध समाप्त करते रहेंगे और जानें बचाते रहेंगे. उनका हृदय मानवतावादी है, और उनके जैसा कोई नहीं होगा जो अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से पहाड़ों को हिला सके.

# वैष्णव ने रेलवे स्टेशन का लिया जायजा

## भीड़ को नियंत्रित करने की तैयारियां शुरू

**नयी दिल्ली 11 अक्टूबर.रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव दीपावली और छठ के दौरान यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने को लेकर की गयी तैयारियों का जायजा लेने शनिवार को नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे और अधिकारियों से बात कर स्थिति का आकलन किया.**

वैष्णव ने स्टेशन पर होल्डिंग एरिया का निरीक्षण करने के बाद संवाददाताओं से कहा, नयी दिल्ली स्टेशन पर यात्रियों की अचानक भीड़ उमड़ पड़ती है. इसे देखते हुए दो साल पहले एक अस्थायी होल्डिंग एरिया के साथ एक प्रयोग किया गया था. उस प्रयोग से यहां आने वाले यात्रियों को बहुत लाभ हुआ. अब, एक स्थायी क्षेत्र और यात्री सुविधा केंद्र, बनाया गया है.



इससे आने वाले यात्रियों, खासकर बिना आरक्षित टिकट वाले यात्रियों को सुविधा होगी.

उन्होंने बताया कि अंदर के सभी टिकट काउंटरों को स्थानांतरित किया जा रहा है. यात्रियों के आने पर उन्हें स्वागत योग्य वातावरण, बैठने के लिए एक बड़ा क्षेत्र और बड़ी संख्या में शौचालय मिलेंगे. यह नयी दिल्ली स्टेशन के लिए एक स्थायी सुविधा है. देश भर के 76 स्टेशनों पर इसी तरह की व्यवस्था लागू की जा रही है.

## एक नजर में

### भजनलाल ने 19वें दीक्षांत समारोह को किया संबोधित



जयपुर. राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को यहां मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी) के 19वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया. इस अवसर पर शर्मा ने बीटेक, एमटेक, एमएससी, एमबीए एवं आर्किटेक्चर और प्लानिंग में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 21 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए. उन्होंने हिन्दी भाषा के टेक्निकल जर्नल का विमोचन भी किया. इस मौके पर एमएनआईटी जयपुर के निदेशक प्रोफेसर नारायण प्रसाद पाढ़ी सहित संस्थान के शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद थे.

### मेक्सिको में भारी बारिश से कम से कम 22 लोगों की मौत

मेक्सिको सिटी. मध्य और पूर्वी मेक्सिको में मूसलाधार बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई और हजारों घर क्षतिग्रस्त हो गए. अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा मौतें पूर्वी मेक्सिको के हिडाल्गो राज्य में (16 मौतें) हुईं और लगभग 1,000 घर क्षतिग्रस्त हो गए. अधिकारियों ने बताया कि मध्य मेक्सिको के पुएब्ला राज्य में पाँच लोगों की मौत हो गई और 11 लोग लापता हो गए, जबकि वेराक्रूज़ में दो और क्वेरेटारो में एक व्यक्ति की मौत हो गई. मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने कहा कि संघीय और राज्य एजेंसियां बिजली बहाल करने, सड़कों को फिर से खोलने और सहायता पहुँचाने के लिए मिलकर काम कर रही हैं. राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने कहा कि मेक्सिको के 32 में से 31 राज्य प्रभावित हुए हैं .यहां उष्णकटिबंधीय तूफान रेमंड ने प्रशांत तट पर बारिश को तेज़ कर दिया है.

### विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन लोगों की मौत

सिडनी. ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र वोलोंगोंग के दक्षिण में शनिवार सुबह एक हल्के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने और उसमें आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गयी. ऑस्ट्रेलिया के राज्य न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) की पुलिस ने एक बयान में बताया कि विमान उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद शेलहार्बर हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया. विमान के ज़मीन से टकराते ही उसमें आग लग गयी, लेकिन अग्निशमन एवं बचाव दल (एनएसडब्ल्यू) के कर्मियों ने आग पर तुरंत काबू पा लिया. आपातकालीन सेवायें फिलहाल घटनास्थल पर हैं. बयान में कहा गया है कि ऑस्ट्रेलियाई परिवहन सुरक्षा ब्यूरो को दुर्घटना की सूचना दे दी गयी है.

### मंगोलिया के राष्ट्रपति सोमवार को भारत यात्रा पर आयेंगे

नयी दिल्ली 11 अक्टूबर. मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना सोमवार को भारत की चार दिन की राजकीय यात्रा पर आएंगे. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के निमंत्रण पर यहां आ रहे उखना के साथ कैबिनेट मंत्रियों, सांसदों, वरिष्ठ अधिकारियों, उद्योगपतियों और सांस्कृतिक प्रतिनिधियों का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा. विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि मंगोलिया के राष्ट्राध्यक्ष के रूप में राष्ट्रपति उखना की यह पहली भारत यात्रा होगी. उखना मुर्मु के साथ मुलाकात करेंगे. मुर्मु उनके सम्मान में भोज का आयोजन करेंगी. मंगोलियाई राष्ट्रपति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वार्ता के दौरान द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा करेंगे. उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के भी गणमान्य अतिथि से मुलाकात करने की उम्मीद है. यह राजकीय यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है. यात्रा के दौरान मंगोलिया-भारत व्यापार मंच की भी बैठक होगी साथ ही सुंदर देश मंगोलिया सांस्कृतिक कार्यक्रम, ललित कलाओं और मोरिन खुर (घोड़े के सिर वाली वायलिन) प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएंगी. प्रधानमंत्री मोदी ने 2015 में मंगोलिया की आधिकारिक यात्रा की थी. उस समय दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया गया था. भारत और मंगोलिया के बीच राजनयिक संबंध 1955 में स्थापित हुए थे.



# ट्रम्प करेंगे मिस्र, इजरायल का दौरा

**वाशिंगटन, 11 अक्टूबर. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रविवार को पश्चिम एशिया की यात्रा करेंगे जहां वह गाजा युद्ध विराम समझौते के बाद क्षेत्रीय शांति निर्माता के रूप में अपनी कथित भूमिका को मजबूत करने की कोशिश करेंगे.**



राष्ट्रपति ट्रम्प सोमवार सुबह इजरायल पहुंचेंगे जहां उनके नेसेट को संबोधित करने और उसी दिन वहां से रवाना होने की उम्मीद है. उनकी यह यात्रा युद्धविराम समझौते के अंतर्गत हमास द्वारा बंधकों की रिहाई की समय सीमा के साथ मेल खाती है. ट्रम्प का मुक्त किये गये बंधकों से मिलने की भी संभावना है.

राष्ट्रपति ट्रम्प की यह यात्रा नोबेल शांति पुरस्कार समिति द्वारा पुरस्कार के लिए ट्रम्प के सार्वजनिक अभियान को नजरअंदाज करने के कुछ ही दिनों बाद हो रही है. उल्लेखनीय है कि शांति का नोबल पुरस्कार दक्षिणपंथी वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को दिया जा रहा है. इस सप्ताह, ट्रम्प प्रशासन ने अन्य मध्यस्थों के साथ मिलकर इजरायल और हमास के बीच युद्ध विराम समझौते को सफल बनाया जिससे दो वर्षों से चल रहे क्रूर संघर्ष का संभवतः अंत हो गया. व्हाइट हाउस ने नॉर्वेजियन नोबेल समिति के निर्णय की आलोचना करते हुए शांति के बदले स्थान की राजनीति को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया है. इसके विपरीत, पश्चिम एशिया में ट्रम्प की व्यापक प्रशंसा होने की संभावना है.

> **पुतिन गाजा युद्धविराम समझौते का पूरा समर्थन करते हैं : ट्रंप**
>
> वाशिंगटन. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गाजा में युद्धविराम समझौते का पूरा समर्थन करते हैं. ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा कि इस शांति समझौते को व्यापक अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिला है, जिसमें इस क्षेत्र से सीधे तौर पर जुड़े देशों के साथ-साथ ईरान और रूस जैसी वैश्विक शक्तियाँ भी शामिल हैं. उन्होंने कहा ज़्यादातर देशों ने इन सभी प्रस्तावों को पारित कर दिया है. हर देश इसमें शामिल है. ईरान भी इसमें शामिल हुआ - मुझे यह देखकर बहुत खुशी हुई. मुझे गर्व है कि ईरान ने इसका समर्थन किया. उन्होंने कहा रूस भी इसमें शामिल हुआ. राष्ट्रपति पुतिन. इसका पूरा समर्थन करते हैं.

# मोदी ने नानाजी देशमुख को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली, 11 अक्टूबर. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नानाजी देशमुख की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें आत्मनिर्भरता और ग्रामीण सशक्तिकरण का अग्रदूत बताया.**



मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में प्रख्यात समाजसेवी नानाजी देशमुख के समर्पण, अनुशासन और समाज सेवा के लिए उनके कार्यों की प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि नानाजी देशमुख का जीवन उल्लेखनीय समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण था.प्रधानमंत्री ने कहा कि वह जेपी आंदोलन के एक प्रमुख व्यक्ति, एक प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता और राजनेता थे, जिन्होंने ग्रामीण विकास और शिक्षा के लिए अथक प्रयास किये. उनकी विरासत लाखों भारतीयों, विशेषकर ग्रामीण विकास और शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वालों को प्रेरित करती रहेगी.

> **जेपी नारायण की जयंती पर किया नड्डा ने किया नमन**
>
> भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को भारत रत्न से सम्मानित लोकनायक जय प्रकाश नारायण और भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं भारत रत्न से सम्मानित नानाजी देशमुख की जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया. नड्डा ने एक एक्स पोस्ट पर लिखा, भारतीय राजनीति के युगपुरुष, भारत रत्न, लोकनायक जय प्रकाश नारायण जी की जयंती पर आज उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया. मेरा सौभाग्य है कि वर्ष-1975 में आपातकाल के दौरान लोकनायक द्वारा शुरू किए गये संपूर्ण क्रांति आंदोलन में सम्मिलित होकर राजनीति के माध्यम से राष्ट्र और जनता की सेवा का संकल्प लिया था.

## आज का इतिहास

- 1815 : नेपल्स के पूर्व राजा जोआचिम मूरत को मौत की सजा सुनाई गयी.
- 1822 : ब्राजील के पेड्रो-प्रथम को ब्राजील का संवैधानिक सम्राट घोषित किया गया.
- 1847 : जर्मन आविष्कारक और उद्योगपति वर्नर वॉन सीमेंस ने सीमेंस एजी और हल्स्के को की स्थापना की.
- 1850 : पहली महिला चिकित्सा विद्यालय (महिला मेडिकल कॉलेज ऑफ पेन्स) खोला गया.
- 1854 : लिंकन यूनिवर्सिटी की आश्मुन संस्थान के रूप में स्थापना की गयी.

## दिल्ली से हनोई के लिए उड़ान शुरू करेगी इंडिगो

**नयी दिल्ली.** विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने शनिवार को दिल्ली से हनोई के लिए नयी उड़ान शुरू करने की घोषणा की. एयरलाइंस ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि दिल्ली से वियतनाम की राजधानी हनोई के लिए वह 20 दिसंबर से दैनिक उड़ान शुरू करेगी. इस मार्ग पर वह एयरबस के ए320 विमान का परिचालन करेगी. फिलहाल वियतनाम के लिए कोलकाता से इंडिगो हर सप्ताह 14 उड़ानों का परिचालन कर रही है. ये उड़ानें राजधानी हनोई और हो ची मिन्ह के लिए हैं.

# भारत लोकतंत्र का जीवंत उदाहरण : बिरला

नयी दिल्ली/ब्रिजटाउन, 11 अक्टूबर. लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि भारतीय संविधान पिछले 75 वर्षों से देश के लिए पथ-प्रदर्शन का दीपस्तंभ रहा है और इसके कारण भारत ने दुनिया के समक्ष लोकतंत्र और समानता का एक जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया है.बिरला ने बारबाडोस की राजधानी ब्रिजटाउन में 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन की आम सभा में राष्ट्रमंडल - एक वैश्विक भागीदार विषय पर प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए शनिवार को कहा कि लोकतंत्र भारत की आत्मा है, समानता इसका संकल्प है और न्याय इसकी पहचान है. उन्होंने पीठासीन अधिकारियों को अगले साल जनवरी में भारत में होने वाले राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया.



> लोकसभा अध्यक्ष ने इस बात पर ज़ोर दिया कि जलवायु परिवर्तन, महामारी, खाद्य असुरक्षा और असमानता जैसे वैश्विक संकट सीमाओं से परे हैं और इनके लिए सामूहिक समाधान की आवश्यकता है. बिरला ने इन चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आग्रह किया.

**तालिबान की सफाई** | **महिला पत्रकारों को जानबूझकर नहीं रोका गया**

# अफगान प्रेस ब्रीफिंग पर उठा नया विवाद

**नई दिल्ली, 11 अक्टूबर. दिल्ली में अफगान विदेश मंत्री मुत्ताकी की प्रेस कांफ्रेंस में एक भी महिला पत्रकार को नहीं बुलाया गया, जिससे सवाल उठे कि क्या यह तालिबानी नीति का हिस्सा था. लेकिन तालिबान ने इस पर सफाई दी है कि यह एक तकनीकी दिक्कत थी, जानबूझकर नहीं किया गया.**



भारत दौरे पर आए अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी की प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों की अनुपस्थिति पर उठे सवालों के बाद तालिबान ने सफाई दी है. तालिबान के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा है कि यह कोई नीतिगत फैसला नहीं था, बल्कि सिर्फ एक तकनीकी गलती थी, जिसमें सीमित मीडिया पासों की वजह से कुछ पत्रकारों को एंट्री नहीं मिल सकी. दिल्ली स्थित अफगानिस्तान दूतावास में हुई इस ब्रीफिंग में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मुत्ताकी का गर्मजोशी से स्वागत किया और भारत-अफगानिस्तान संबंधों में नए दौर की शुरुआत का संकेत दिया. लेकिन जैसे ही पत्रकारों को यह पता चला कि महिला पत्रकारों को पास नहीं दिया गया, इसपर विवाद गहराने लगा. तालिबान प्रवक्ता ने बातचीत में कहा, यह कोई जानबूझकर किया गया काम नहीं था. तकनीकी कारणों और सीमित पासों की वजह से ऐसा हुआ. हम महिला पत्रकारों के खिलाफ नहीं हैं. मैं खुद 100 से ज्यादा महिला पत्रकारों को इंटरव्यू दे चुका हूं. प्रवक्ता ने यह भी कहा कि विदेश मंत्री मुत्ताकी काबुल में नियमित रूप से महिला पत्रकारों और अन्य प्रतिनिधियों से मिलते हैं.



> **महिला पत्रकारों को लेकर स्थिति स्पष्ट करें पीएम**
>
> कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी की भारत यात्रा के दौरान महिला पत्रकारों को प्रेस कॉन्फ्रेंस से बाहर रखना अत्यंत आपत्तिजनक है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस मामले पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए.

**YONKO PROTEINS PRIVATE LIMITED**

90, Industrial Area, Maksi, District - Shajapur-465106 (M.P.)

In pursuance to the Order No. 2900(E) Dated 24th October, 2015 issued by Department of Agriculture and Co-operation, Ministry of Agriculture Govt. of India, **YONKO PROTEINS PRIVATE LIMITED.** Hereby notifies that it intends to introduce 100% Water Soluble Mixture of Fertilizer like-

(1) N.P.K. (20:20:20) (YONKO 20:20:20)
(2) N.P.K. (19:19:19) (YONKO 19:19:19)
(3) N.P.K. (13:40:13) (YONKO 13:40:13)

We will comply with terms and condition as per the above notification of Govt. of India.

**Mobile : 94068-63640, E-mail: yonkoproteins@gmail.com**

**सार्वजनिक सूचना**
**शाखा कार्यालय का स्थानांतरण**

बजाज फाइनेंस लिमिटेड, जिसका पंजीकृत कार्यालय मुंबई–पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे 411035 में और कार्पोरेट कार्यालय चौथा तल, बजाज फिनसर्व हाउस, विमान नगर, पुणे–अहमदनगर रोड के पास, पुणे, महाराष्ट्र 411014 में स्थित है, अपने ग्राहकों और संबंधितजन को सूचित करता है कि इसका बजाज ऑटो फाइनेंस लिमिटेड, 304, सतगुरु परिणय, सी21 मॉल के सामने, स्कीम नंबर 54, ए.बी. रोड, इंदौर, मध्य प्रदेश–452010 स्थित कार्यालय दिनांक 31 जनवरी, 2026 से स्थानांतरित हो जाएगा। बेहतर ग्राहक सुविधा के लिए सभी सेवाएं हमारी बजाज फाइनेंस लिमिटेड, यूजी–2, भू तल, ऐरेन हाइट्स, प्लॉट नंबर 13–14, पीयू रु3, स्कीम नंबर 54, विजय नगर, एबी रोड, टेलीपरफार्मेंस के पास, सी21 मॉल के सामने, इंदौर – 452010 (मप्र) स्थित मौजूदा शाखा में उपलब्ध रहेंगी। सभी ग्राहकों और संबंधितजन से अनुरोध है कि वे पते में हुआ परिवर्तन नोट करें और उक्त स्थानांतरण के बाद बजाज फाइनेंस लिमिटेड, यूजी–2, भू तल, ऐरेन हाइट्स, प्लॉट नंबर 13–14, पीयू रु3, स्कीम नंबर 54, विजय नगर, एबी रोड, टेलीपरफॉर्मेंस के पास, सी21 मॉल के सामने, इंदौर – 452010 (मप्र) स्थित हमारे कार्यालय से संपर्क करें।

तारीख– 12 अक्टूबर, 2025

बजाज फाइनेंस लिमिटेड
चौथा तल, बजाज फिनसर्व हाउस,
विमान नगर, ऑफ पुणे–अहमदनगर रोड, पुणे–411014 महाराष्ट्र
टेलीफोन–020–71505050